**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–10.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **भारत–पाकिस्तान के बीच आज शाम पांच बजे से सीजफायर लागू, 12 मई को होगी बातचीत, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दी जानकारी।**
2. **मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज पलामू टाइगर रिजर्व के विस्थापित परिवारों से किया सीधा संवाद, पुर्नवासित लोगों की समस्याओं को दूर करने का अधिकारियों को दिया निर्देश।**
3. **नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची के कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल का लिया जायजा, कहा– स्टेट ऑफ आर्ट के रुप में विकसित होगा यह समाधि स्थल।**
4. **मौसम विभाग ने संताल समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से दो दिनों तक लू चलने का जारी किया अलर्ट, राजधानी रांची में आज देर शाम बारिश होने से मौसम हुआ सुहावना।**
   **और**
5. **झारखंड के मधुकांत पाठक एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल के होंगे टीम लीडर, पटना में 11 मई से होनेवाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए झारखंड के पांच तकनीकी पदाधिकारियों का चयन।**

**समाचार विस्तार से**

********************

भारत और पाकिस्तान के बीच आज शाम पांच बजे से सीजफायर लागू हो गया है। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ से फोन पर बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत का यही रुख आगे भी जारी रहेगा। वहीं, अब दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच 12 मई को बातचीत होगी। यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों को युद्ध विराम के लिए सहमत होने पर बधाई दी है।

इधर, रक्षा मंत्रालय ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ लगाए गए सभी दावे झूठे साबित हुए हैं। कर्नल सोफिया कुरैसी ने बताया कि हमारी सेना ने सैन्य कार्रवाई के दौरान किसी भी धार्मिक स्थल को नुकसान नहीं पहुंचाया है। पाकिस्तान के द्वारा की गयी कार्रवाई का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।

********************

रांची समेत पूरे राज्य में पाकिस्तान के नापाक हरकतों के खिलाफ लोगों का सड़कों पर उतरकर विरोध–प्रदर्शन जारी है। इस सिलसिले में रांची के आक्रोशित युवाओं ने आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान के कायराना हरकतों के खिलाफ आज जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा की जा रही कार्रवाई की सराहना की।

वहीं, धुर्वा इलाके में आक्रोशित लोगों ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बनाकर उसे रौंदने का काम किया। उन्होंने पाकिस्तान की नापाक हरकतों के खिलाफ जमकर अपनी नाराजगी जताई।

********************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज मेदिनीनगर के सदर प्रखंड स्थित पोलपोल के बिकाबेल में पुर्नवासित पलामू टाइगर रिजर्व के विस्थापित परिवारों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विस्थापित लोगों से उनकी परेशानियों को सुना और उसके निष्पादन का निर्देश उपायुक्त और अन्य पदाधिकारियों को दिया. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विस्थापित लोगों के आधार कार्ड में अविलंब सुधार कराएं। गौरतलब है कि पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिला के गारू प्रखंड के कुजरूम और जागीर गांव के 54 परिवारों को बिकाबेल इलाके में पुर्नवासित किया गया है।

********************

राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि राजधानी रांची के कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल को स्टेट ऑफ आर्ट के रुप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक स्थल झारखंड समेत पुरे देश की आस्था, सम्मान और गौरव का प्रतीक है। वे आज भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समाधि स्थल का समुचित विकास किया जाएगा।

********************

राज्य में परिसीमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है, जबकि भारतीय जनता पार्टी इसका समर्थन कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांड्ेय ने कहा कि इस तरह से परिसीमन किया जाना चाहिए, जिससे आदिवासी सीटों की संख्या कम नहीं हो.

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि परिसीमन का विरोध संविधान और लोकतंत्र का विरोध है।

***************

पीएमएलए अदालत, रांची ने 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाला मामले में आरोपी शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने इस मामले में रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी करने के साथ इन तीनों को कल गिरफ्तार किया था।

***************

लोहरदगा में आज राष्ट्रीय लोक अदालत और् राज्यस्तरीय विधिक सेवा–सह–सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने इस मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं, पाकुड़, खूंटी समेत कई अन्य जिलों में भी आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का निष्पादन करने के साथ लोगों को कानूनी जानकारी भी दी गई।

***************

पलामू के लेखक रोहित शुक्ला और कलाकार शिवांगी शैली ने मुंबई में सूचना और् प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित वेव्स–2025 में स्वर्ण पदक हासिल कर पूरे जिले का मान बढ़ाया है। पलामू आने के बाद रोहित शुक्ला ने वेव्स के अपने अनुभवों को साझा किया।

***************

बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने आज अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों का उद्भेदन, यातायात व्यवस्था और साइबर अपराध तथा सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने का निर्देश दिया।

***************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- गुमला जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ई–जनशिकायत कार्यक्रम के तहत घाघरा और बिशुनपुर प्रखंड के लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित पदाधिकारियों को उसके निराकरण का निर्देश दिया।
- धनबाद जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी हरदीप पी जनार्दनन ने बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत को लेकर वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया।
- स्वामी श्री युक्तेश्वरजी की 170 वीं जयंती के अवसर पर रांची के योगदा सत्संग आश्रम में गुरुपूजा तथा भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

***************

मौसम विभाग ने देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह,गोड्डा, जामताड़ा पाकुड़ और् साहिबंगज समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक लू चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पिछले चौबीस घंटे के दौरान 13 जिलों में चालीस डिग्री सेल्सियस और् ग्यारह जिलों में सैंतीस से चालीस डिग्री सेल्सियस के बीच पारा दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी रांची में आज देर शाम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है।

***************

कोरिया में सताईस मई से आयोजित होने वाले एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक भारतीय दल के टीम लीडर बनाए गए हैं। इधर, पटना में 11 से 14 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए झारखंड के पांच तकनीकी पदाधिकारियों का चयन किया गया है।

***************